# कानपुर युनिवर्सिटी टीचर्स एसोसिएशन

**KANPUR UNIVERSITY TEACHER'S ASSOCIATION (K.U.T.A.)**

डॉ० विवेक द्विवेदी
महामन्त्री

एसोसिएट प्रोफेसर, भौतिक विज्ञान विभाग
ब्रह्मानन्द कालेज, कानपुर


पत्रांक : 145/2018 दिनांक : 22-12-2018

सम्मानित साथियों,

नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनायें,

01. <u>शिक्षक समस्यायें एवं आन्दोलन</u> :–

दिनांक 16 दिसम्बर, 2018 को वी0एस0एस0डी0 कालेज, कानपुर में KUTA वृहत कार्यकारिणी की बैठक में विश्वविद्यालय स्तर की शिक्षक समस्याओं पर गहन विचार विमर्श हुआ एवं सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि **यदि विश्वविद्यालय द्वारा शिक्षक समस्याओं के निराकरण में इसी प्रकार की उदासीनता का परिचय दिया जाता रहा तो 15 जनवरी के बाद विश्वविद्यालय पर विशाल धरना एवं प्रदर्शन किया जायेगा।** बैठक में निम्न प्रमुख समस्याओं पर विचार हुआ।

01. विश्वविद्यालय स्तर पर वरिष्ठता सूची का प्रकाशन अविलम्ब किया जाये।
02. पी0एच0डी0 प्रवेश परीक्षा समिति में महाविद्यालय शिक्षकों की सहभागिता हो, प्रवेश परीक्षा समिति का अध्यक्ष कोई प्रोफेसर या प्राचार्य ही हो और स्थाई शिक्षकों को पी0एच0डी0 में सीधे प्रवेश दिया जाये।
03. अनुदानित महाविद्यालयों के स्नातक विभागों में कार्य कर रहे शिक्षकों को भी शोध पर्यवेक्षक बनाया जाये एवं पूर्व में अनुमोदित शोध पर्यवेक्षक हेतु बार–बार आवेदन न मांगे जाये।
04. लम्बे समय से कार्य कर रही विश्वविद्यालय स्तर की प्रशासनिक समितियों (UFM Committee, Coding-Decoding, Exam Coordinator etc) में परिवर्तन किया जाये एवं महाविद्यालय शिक्षकों की सहभागिता को बढ़ाया जाये। गोपनीयता के नाम पर हो रही अनियमितताओं और उत्पीड़न को रोका जाये।
05. OMR आधारित परीक्षा प्रणाली पर प्रति विषय एक परीक्षा ही करायी जाये।
06. अनुदानित महाविद्यालयों में स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों के परीक्षा केन्द्र न बनाये जाये।
07. परीक्षा कार्य करने वाले शिक्षकों का प्रबन्धकों द्वारा किया जा रहा उत्पीड़न समाप्त किया जाये।
08. स्थानीय यात्रा–भत्ता बढ़ाया जाये एवं परीक्षा पारिश्रमिक की दरों में भी वृद्धि की जाये।
09. परीक्षकत्व आदि कार्य को समान रूप से वितरण किया जाए।
10. परीक्षकत्व की सूचना निजी रूप से प्रत्येक शिक्षक को पत्र द्वारा प्रेषित की जाए।
11. महाविद्यालय के लम्बित प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण किया जाये।
12. KUTA कार्यालय सुसज्जित किया जाए।

बैठक में निर्णय लिया गया कि उपरोक्त मांगों के निस्तारण हेतु विश्वविद्यालय प्रशासन को 15 जनवरी तक का समय दिया जाये। यदि विश्वविद्यालय प्रशासन उपरोक्त मांगों के निस्तारण एवं निराकरण हेतु कोई सार्थक पहल नहीं करता तो KUTA कार्यकारिणी 15 जनवरी के बाद विश्वविद्यालय पर धरना एवं प्रदर्शन करने का निर्णय करेगी जिसकी सूचना प्रत्येक महाविद्यालय इकाई को प्रेषित की जायेगी।

क्रमशः .............02

26, एम०आई०जी०, चन्द्र विहार, कानपुर • फोन : 2583888, 9415126888

Scanned by CamScanner

# कानपुर युनिवर्सिटी टीचर्स एसोसिएशन
**KANPUR UNIVERSITY TEACHER'S ASSOCIATION (K.U.T.A.)**

डॉ० विवेक द्विवेदी
महामन्त्री

एसोसिएट प्रोफेसर, भौतिक विज्ञान विभाग
ब्रह्मानन्द कालेज, कानपुर


पत्रांक : 145/2018 दिनांक : 22-12-2018



02. **टीचर्स वेलफेयर फण्ड :–**

विगत तीन वर्षों से अधिक लम्बित T.W.F. में प्रकरणों का निस्तारण करा दिया गया है एवं अधिकांश प्रकरणों में सहायता धनराशि RTGS भी हो गयी है। यदि किसी शिक्षक साथी को जिसने T.W.F. में आवेदन किया था और राशि प्राप्त नहीं हुई है तो कृपया विश्वविद्यालय के लेखा विभाग से सम्पर्क करने का कष्ट करें। इस सम्बन्ध में आपको अवगत कराना है कि K.U.T.A. के प्रस्ताव पर T.W.F. में आकस्मिक मृत्यु के होने पर अधिकतम धनराशि रू0 150000/– कर दी गयी है एवं अति गम्भीर रोगों के उपचार हेतु अधिकतम सहायता धनराशि रू0 125000/– , गम्भीर बीमारियों में अधिकतम सहायता रू0 75000/– एवं सामान्य बीमारियों में रू0 50,000/– अधिकतम कर दी गयी है।

03. **KUTA का संविधान संशोधन एवं चुनावी अधिवेशन :–**

(a) आप सभी को विदित है कि KUTA के संविधान (वर्ष 1972) में कतिपय संशोधन कर दिये गये हैं। **संशोधित संविधान के अनुसार चुनाव प्रत्यक्ष मतदान (सभी शिक्षकों द्वारा) निम्न पदों पर चुनाव होगा, Delegate System समाप्त कर दिया गया है।**

| | | |
|---|---|---|
| अध्यक्ष | – | 01 पद |
| उपाध्यक्ष | – | 03 पद (01 पद कानपुर से बाहर के शिक्षक हेतु आरक्षित ) |
| महामंत्री/कोषाध्यक्ष | – | 01 पद |
| संयुक्त मंत्री | – | 03 पद (01 पद महिला शिक्षिका के लिये आरक्षित) |
| सहायक मंत्री | – | 01 (आयोजक ईकाई के लिये) |
| प्रान्तीय प्रतिनिधि | – | 02 |
| कार्यकारिणी सदस्य (कानपुर नगर से) | – | 07 पद (02 पद आरक्षित महिला शिक्षिकाओं के लिये) |

कानपुर नगर को छोड़कर अन्य जिलों में जिला अध्यक्ष एवं जिला मंत्री का चुनाव होगा जिससे उन्हीं जिलों के शिक्षक मतदान का प्रयोग करेगें। जिला अध्यक्ष एवं जिला मंत्री अलग–अलग महाविद्यालयों से होगें। कार्यकारिणी कार्यकाल तीन वर्ष का होगा।

(b) सभी महाविद्यालयों ईकाईयों से अनुरोध है कि अपने महाविद्यालयों के शिक्षकों की सूची नाम, पद, विषय एवं मोबाइल नम्बर सहित **दिनांक 15 जनवरी तक स्पीड पोस्ट या email kutacsjm@gmail.com पर अवश्य उपलब्ध करा दें। जिन महाविद्यालयों में शिक्षक संघ ईकाई का गठन नहीं हुआ वो अविलम्ब प्रक्रिया पूरी कर गठित ईकाई की सूचना Speed Post, Email - kutacsjm@gmail.com , Whatsapp No. 9839636919 पर प्रेषित कर दें।**

क्रमशः .............03



Scanned by CamScanner

# कानपुर युनिवर्सिटी टीचर्स एसोसिएशन
KANPUR UNIVERSITY TEACHER'S ASSOCIATION (K.U.T.A.)

डॉ० विवेक द्विवेदी
महामन्त्री

एसोसिएट प्रोफेसर, भौतिक विज्ञान विभाग
ब्रह्मानन्द कालेज, कानपुर


पत्रांक : 145/2018 दिनांक : 22-12-2018



(c) संशोधित संविधान के अनुसार सदस्यता राशि प्रति शिक्षक प्रति वर्ष रू0 100/– है

| | |
|---|---|
| तीन वर्षों का सदस्यता शुल्क | रू0 300/– प्रति शिक्षक |
| AIFUCTO संघर्ष शुल्क, सदस्यता शुल्क एवं भवन निर्माण सहयोग राशि | रू0 200/– प्रति शिक्षक |
| **कुल** | **रू0 500/– प्रति शिक्षक** |

चुनावी अधिवेशन में सहभागिता हेतु प्रति शिक्षक रू0 500/– का भुगतान आवश्यक है। महाविद्यालयी ईकाई प्रति शिक्षक रू0 500/– की दर से शुल्क इकट्ठा कर इसे नगद या D.D. के माध्यम से जो Kanpur University Teachers Association के नाम कानपुर में देय हो प्रेषित कर सकती है। इसके साथ सदस्ता सूची को भी संलग्न करना आवश्यक है (नाम, पद, विषय एवं मोबाइल नम्बर सहित)

**चुनावी अधिवेशन हेतु स्थल** :–

जो महाविद्यालय KUTA के चुनावी अधिवेशन के आयोजन हेतु इच्छुक है **वह अपना प्रस्ताव दिनांक 15 जनवरी, 2019 तक महामन्त्री KUTA को अवश्य प्रेषित कर दें।** ईकाई के प्रस्ताव को **महाविद्यालय के प्राचार्य एवं प्रबन्धक द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित भी होना चाहिये।** चुनाव स्थल का चयन होने के बाद चुनाव के सम्बन्ध में सूचित किया जायेगा एवं KUTA की Website पर भी अपलोड की जायेगी।

वी0एस0एस0डी0 कालेज की नव निर्वाचित शिक्षक संघ ईकाई को शुभकामनायें और KUTA की वृहत कार्यकारिणी की बैठक के आयोजन हेतु आभार।

सहयोग की अपेक्षा के साथ,

आपका साथी

(डा0 विवेक द्विवेदी)
महामन्त्री–K.U.T.A.

26, एम०आई०जी०, चन्द्र विहार, कानपुर • फोन : 2583888, 9415126888

Scanned by CamScanner